


# पाठा के आदिवासियों के लिए महुआ फूल अर्थव्यवस्था का साधन

**नवभारत न्यूज**

**चित्रकूट 1 अप्रैल। पूर्वी एशिया मानिकपुर के जंगलों में जब जापान के फूलों की गहराइ में घनत्व होता है तो जापान के पूर्वी एशिया मानिकपुर में यह मौसम किसी भी त्योहार से कम नहीं होता है डोडिया मंझगवा मानिकपुर जैसे आदिवासियो में आज कल सुबह की पहली किरण के साथ एक अलग ही हलचल देखने को मिलती है जिसमें टोकरियो और बोरियों के साथ महिलाओं की शुरुआत होती है।**

बच्चे और बुजुर्ग जंगल की ओर निकलते हैं और होता है महुआ बिना का उत्सव । फ्रां सी सी के फूल जो जंगल में पेड़ों के नीचे पीले रंग की चादर की तरह बिछड़े हुए हैं जुबानिया समुदाय के फूल केवल नहीं हैं बल्कि अर्थव्यवस्था परंपरा और पहचान का प्रतीक हैं। महुए का प्रयोग खाद्य पदार्थ औषधि और शराब निर्माण जैसे विभिन्न शोधों में किया जाता हैए जो कि आद्य के कई स्रोत मिलते हैं। डोडिया गांव



की बुजुर्ग महिला सोम गिरवती देवी कहती हैं महुआ हमारे लिए भगवान का श्रृंगार है। जब तक जंगल में जुनाता है तब तक हमारे घर में चूल्हा जलता है और बच्चों के लिए फ्ल.कपड़े आते हैं हीजन फ्राईचेंज का यह स्टूडियो मई तक चलता है। हर सुबह गांव की महिलाएं सिर पर टोकरियां रखती हैं जो कि जंगली का रुख रखती हैं। यूक्रेन के फूलों की सौंधी चटनी एक मधुर संगीत.सी गूंजती है। इन फूलों को सुखाकर चित्रित किया जाता हैए जिससे एक सीज़न में हजारों रुपये की बिक्री होती है। साथ ही कई स्वयं सहायता समूह इन फूलों से बने उत्पाद तेल और स्थानीय पेय भी तैयार करते हैं जो आज स्थानीय बाज़ारों से लेकर ऑफ़लाइन प्लेट फ़ॉर्म तक पहुंच रह हैं। यूक्रेन में केवल इन समुदायों के आर्थिक अर्थशास्त्री हैं बल्कि सांस्कृतिक रीति.रिवाजों से भी गहराई तक की गहराई है। विवाह उत्सव औरपारंपरिक आयोजनों में जापानी से अंतिम अनिवार्य रूप से शामिल होते हैं। वन विभाग एवं स्थानीय प्रशासन भी अब इस संग्रहालय को एक ग्रामीण अर्थव्यवस्था के रूप में देखने की योजना बना रहा है। प्रस्तावित नामांकन में स्थानीय स्तर पर ज्वालामुखी य इकाई की स्थापना जापान. आधारित लैपटॉप की ब्रांडिंग और विपणन के लिए बाजार पर विचार किया जा रहा है।




# कांग्रेस ने धरना - प्रदर्शन करके मांगों का ज्ञापन सौंपा

**नवभारत न्यूज**

**मझगवां 1 अप्रैल। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मझगवां एवं बरौंधा द्वारा प्रदेश में गैस सिलेंडर की मूल्य वृद्धि एवं अनुपलब्धता, बिजली की दरों में की गई बढ़ोतरी तथा पेट्रोल डीजल की कमी के विरोध में तहसील कार्यालय मझगवां के सामने धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया।**

धरना प्रदर्शन के माध्यम से राष्टपति को सम्बोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार बरौंधा डॉक्टर सुदामा प्रसाद को सौंपा गया। ज्ञापन में गैस सिलेंडर मूल्य वृद्धि एवं बिजली के बिलों में की गई बढ़ोतरी को वापस लेने, उपभोक्ताओं को होम डिलेवरी के माध्यम से गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने, अघोषित विद्युत कटौती बंद करने, किसानों के सिंचाई पम्प कनेक्शनों को ही गहाई के लिए मान्य किए जाने तथा डीजल पेट्रोल आमजन को पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराने की मांग की गई। धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से चित्रकूट विधानसभा प्रभारी राकेश गर्ग उमेश कुमार गर्ग शंकर यादव संतोष कुमार चतुर्वेदी राजेन्द्र गर्ग रामनरेश तिवारी अंकदेव सिंह बद्री पटेल हेमलता सिंह अभिलाष सिंह रामनरेश त्रिपाठी राज ललन सिंह वीरेंद्र सिंह कोदू सिंह राम बेटा वर्मा पंकज शुक्ला प्रदीप सिंह नवीन केसरवानी शैलेंद्र मिश्रा अवध नरेश शर्मा उदित नारायण गौतम दिग्विजय सिंह राजू सौदागर भोलादीन केवट इंद्रपाल उपाध्याय अनिल श्रीवास्तव लकी साहू राजकरण पाठक बिहारी लाल वर्मा रामलाल यादव चुनबाद सिंह जगमोहन गौतम डेविड लॉरेंस लाल बहादुर गर्ग नरेंद्र पयासी छोटेलाल पाल कृष्ण कुमार तिवारी महेंद्र यादव सीता शरण त्रिपाठी शंकर सिंह जानकी वर्मा राजेश त्रिपाठी उमेश द्विवेदी मुलायम यादव बृजेश पांडे सुखलाल दाहिया कामता सिंह सुरेश गर्ग रमेश कुशवाहा रामप्रसाद कुशवाहा छोटू वर्मा लालजी गर्ग भानु प्रकाश रामहित मवासी विष्णु मवासी लखन कोल चरन सिंह दादू साहू सुनील दुबे मुन्नू सिंह राजबहादुर सिंह राजेन्द्र सिंह आदि सैकडो लोग उपस्थित रहे ।

# दस्यु लवकुश पटेल को 5 वर्ष सश्रम कारावास की सजा

## न्यायालय ने18 हजार का अर्थदण्ड भी लगाया

**नवभारत न्यूज**

**चित्रकूट 1अपैल। पांच हजार के इनामी बदमाश द्वारा मुठभेड के दौरान पुलिस टीम पर बमबाजी करने के मामले में दोषसिद्ध होने पर विशेष न्यायाधीश नीरज श्रीवास्तव ने आरोपी लवकुश पटेल को पांच वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है साथ ही 18 हजार रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया है।**

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी गोपालदास ने बताया कि बीती 4 जून 2014 को तत्कालीन बहिलपुरवा थाना प्रभारी महेश सिंह पुलिस टीम के साथ थाने से निकले थे। मुखबिर की सूचना पर वह पुलिस टीम के साथ दस्यु गिरोह को पकडने के लिए खडेसर बाबा के पास जंगल पहुंचे, जहां उन्हे तीन बदमाश दिखाई दिए। बदमाशों ने पुलिस को देखते ही फयरिंग शुरु कर दी। इसके चलते पुलिस टीम ने पत्थरों की आड लेकर बदमाशों को ललकारा। इसके बाद बदमाश भागने लगे और पुलिस की घेरेबंदी से बचने के लिए उन्होंने देशी सुतली बंम भी फेंका। जिसके फ्टने से सिपाही अशोक कुशवाहा घायल हो गए। इस दौरान पुलिस ने चारों तरफ से घेरकर बंम फेकने वाले बदमाश जो कि बहिलपुरवा थाने के बरुई गांव के निवासी लवकुश पटेल को दबोच लिया जबकि दस्यु घाटा कोलान निवासी लवलेश कोल और बरुई निवासी चन्द्र प्रकाश उर्फखच्चू मौके से फरार हो गए। तलाशी के दौरान लवकुश पटेल के पास से तमंचा कारतूस और दो बंम भी बरामद हुए थे। साथ ही लवकुश पटेल पर दर्जन भर से अधिक आपराधिक मामले दर्ज थे। इसके चलते पुलिस ने इसकी गिरफ्तारी पर पांच हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया था। मुठभेड में गिरफ्तार करने के बाद पुलिस ने उसके विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद मंलवार को विशेष न्यायाधीश नीरज श्रीवास्तव ने इस मामले मे निर्णय सुनाया। जिसमें दोषसिद्ध होने पर आरोपी लवकुश पटेल को पांच वर्ष सश्रम कारावास की सजा के साथ 18 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

# सेवानिवृत्त फौजी जय नारायण सिंह का जन्मदिन पर ही हुए दिवगंत

**नवभारत न्यूज**



**कोठी 1 अप्रैल। रिटायर्ड फौजी दिदौंध गांव के निवासी अपने जीवन के ठीक 72 वर्ष पूर्ण करने के उपरांत इस दुनिया से अलविदा हुए यह एक संयोग ही था कि जिस तारीख को उन्होंने इस धरती में जन्म लिया उसी तारीख को इस दुनिया से सभी को छोड़कर बैकुंठ धाम चले गए।**

अपने सरल सहज स्वभाव के लिए क्षेत्र में जाने जाने वाले जय नारायण सिंह का पिछले रामनवमी 28 मार्च को आकस्मिक निधन हो जाने से क्षेत्र में शोक की लहर है उनके घर परिवार एवं चाहने वालों सहित ग्रामीण जनों ने अत्यंत शोक व्यक्त किया है और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रभु से प्रार्थना की है कि उन्हें अपने श्री चरणों में स्थान दें और घर परिवार जनों को यह दुख सहने की शक्ति प्रदान करें जय नारायण अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ कर चले गए। उनके पुत्र सचिव विजय सिंह ने उन्हें मुखाग्नि दी प्रॉमिस त्रिपाठी कमलेश पाठक बृजेश गर्ग सोनू उमेश सिंह विजय राज सिंह मनिंदर सिंह कृष्ण भान सिंह हरिहर प्रसाद त्रिवेदी राघवेंद्र त्रिवेदी सहित अन्य लोगों ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए शोक संवेदनाएं व्यक्त की हैं।

# परीक्षा परिणाम के साथ प्रवेश उत्सव मनाया गया

**नवभारत न्यूज**

**मुकुन्दपुर 1 अप्रैल। सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुकुंदपुर जिला मैहर में परीक्षा परिणाम के साथ प्रवेश उत्सव का शुभारंभ किया गया।**

रिजल्ट कक्षा पांचवी का सत्र प्रतिशत एवं कक्षा आठवीं का 92त्न के लगभग रहा स्थानीय स्तर पर नर्सरी से एकादश तक व्यवस्थापक दिनेश सिंह बघेल ने परीक्षा फल की घोषणा की जो 98त्न तक रहा नर्सरी में एक बहन एवं अरुण में दो भैया ने प्रवेश लिया प्रवेश उत्सव के समय जगन्नाथ बाल समिति के व्यवस्थापक दिनेश सिंह बघेल सदस्य भगवान दिन शर्मा एवं सीता शरण गुप्ता तथा गणमान्य नागरिक गण



विद्यालय परिवार के प्राचार्य आचार्य एवं बहने उपस्थित रही सभी के सहयोग से विद्यालय का परीक्षा परिणाम उत्साह वर्धन रहा आज प्रवेश उत्सव के समय नन्हे मुन्ने बच्चों को तिलक लगाकर स्वागत किया गया साथी बच्चों को मिष्ठान वितरण कर मुंह मीठा किया गया इस प्रकार सभी आचार्य को एवं विद्यालय परिवार को समिति के व्यवस्थापक एवं अध्यक्ष द्वारा शुभकामना एवं उनके कार्य की सराहना की गई । आशा की गई की आगामी सत्र में बहुत ही उत्तम परीक्षा फल आएगा।

# नंद के घर आनंद भयो

**उचेहरा ।** श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस में आचार्य गोविन्द नारायण शुक्ला महाराज ने कहा कि असत्य बोलने वाला भी दूसरों से सत्य ही सुनना चाहता है अपने लिए औरों से जैसे व्यवहार की अपेक्षा रखते हो वैसा व्यवहार औरों से करो यह धर्म है। कथा में प्रहलाद चरित्र, वामनावतार, रामावतार एवं विशेष श्री कृष्ण प्राकट्योत्सव मनाया गया। नंद के घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की जयकारों के साथ पूरा कथा पंडाल गूंज उठा । महिलाओं के सोहर गीत गाकर यशोदा नंद नंदन का जन्मोत्सव मनाया ।

# सांदीपनी विद्यालय में प्रवेश उत्सव में बच्चों को वितरित की गईं पुस्तकें

**नवभारत न्यूज**

**नागौद 1 अप्रैल। संदीपनी शासकीय उत्कृष्ट उच्च माध्यमिक विद्यालय नागौद में प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यार्थियों को नि:शुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण भी किया गया।**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नागौद विधायक नागेंद्र सिंह जू देव उपस्थित रहे।मुख्य अतिथि नागेंद्र सिंह जू देव ने अपने उद्बोधन में कहा कि बच्चों का शिक्षित होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, लेकिन विद्यार्थियों को आगे बढ़ने




के लिए उन सुविधाओं का सही उपयोग करना होगा।उन्होंने छात्रों को मेहनत और लगन से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि जिस दिन शिक्षक, विद्यार्थी और समाज तीनों मिलकर प्रयास करेंगे, उस दिन शिक्षा का स्तर नई ऊंचाइयों को छुएगा।विद्यालय के प्राचार्य शिवपाल माझी ने कहा कि बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए विद्यार्थियों के साथ-साथ अभिभावकों का सहयोग भी जरूरी है।

उन्होंने कहा कि जितनी अधिक संख्या में बच्चे नियमित रूप से विद्यालय आएंगे, उतनी ही बेहतर शिक्षा ग्रहण कर सकेंगे और अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक सुनील गौतम ने किया।कार्यक्रम में उपप्राचार्य रविकरण सिंह, पंकज जासू सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, विद्यार्थी एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

# मधु सिंह विश्व हिंदू महासंघ मातृशक्ति की ब्लाक अध्यक्ष नियुक्त

**नवभारत न्यूज**



**सतना 1 अप्रैल।** विश्व हिंदू महासंघ भारत द्वारा संगठन विस्तार के तहत राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत सुरेंद्रनाथ अवधूत मां कालका पीठाधीश्वर, कालकाजी मंदिर, नई दिल्ली के मार्गदर्शन में प्रदेश महामंत्री (मातृशक्ति) श्रीमती मिथलेश सिंह बघेल की अनुशंसा पर श्रीमती मधु सिंह पटेल निवासी सेमरा को ब्लॉक अध्यक्ष (मातृशक्ति), रामपुर बाघेलान के पद पर नियुक्त किया गया है।प्रदेश अध्यक्ष पुष्पराज सिंह बघेल ने नव नियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष को शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की है कि उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिलेगा।

# मां दुर्गा शिक्षा निकेतन में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया प्रवेश उत्सव

**नवभारत न्यूज**

**अमदरा 1 अप्रैल । घुनवारा स्थित मां दुर्गा शिक्षा निकेतन हायर सेकेंडरी स्कूल में 1 अप्रैल को नवीन शिक्षण सत्र 2026ङ्क27 के शुभारंभ पर प्रवेश उत्सव बड़े ही उत्साह और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं का भव्य स्वागत किया गया।**

कार्यक्रम की शुरुआत रिबन काटकर की गई, जिसके पश्चात बच्चों ने विद्यालय में प्रवेश किया। स्कूल स्टाफ ने तालियां बजाकर एवं तिलक लगाकर विद्यार्थियों का आत्मीय स्वागत किया, जिससे पूरे परिसर में



उत्सव का माहौल बन गया। विद्यालय के संचालक संजय शुक्ला ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं प्राचार्य हीरा लाल तिवारी ने समस्त विद्यार्थियों को नवीन शिक्षण सत्र 2026ङ्क27 की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उन्हें मन लगाकर अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्य- श्रीधर तिवारी, कौशल तिवारी, अंकित मिश्रा, श्यामसुंदर तिवारी, सृष्टि शुक्ला, श्वेता बागरी, स्वाति पांडे, साधना निगम, सोनम मिश्रा, नयनसी अग्रवाल, साक्षी तिवारी, काजल त्रिपाठी, सरिता गौतम, राखी द्विवेदी, श्रेया पांडे, आरती शुक्ला, गुनगुन पंजाबी, सोनिया पंजाबी, पूजा रजक, माधवी त्रिपाठी एवं वैष्णवी गुप्ता उपस्थित रहे। इस दौरान बच्चों का उत्साह देखने लायक था और विद्यालय परिसर में सकारात्मक एवं प्रेरणादायक वातावरण बना रहा।

## एक नजर में




# पशु चिकित्सक के सेवा निवृत्य पर दी विदाई

**सतना ।** उचेहरा जनपद के पिथौराबाद स्थित पशु चिकित्सालय ( कृत्रिम गर्भाधान उपकेंद्र) मे पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ . गुलाब सेन के सेवानिवृत्त होने पर उनके शुभचिंतको ,ग्राम वासियो ने श्रीफल साल भेंट कर उन्हें भावभीनी विदाई दते कहा कि उनको अपने काम के समर्पण के प्रति हमेशा याद किया जाता रहेगा । इस मौके पर उपसंचालक डॉ एपी सिंह , पद्मश्री बाबूलाल दाहिया, पूर्व उपसंचालक डॉ यूके गर्ग , डॉ एमके वर्मा, डॉ बृहस्पति भारती, डॉ प्रीतम सिंह, डॉ . मनीष कुमार, डॉ .अंकित निगम, डॉ वाल्मीक सिंह, एस के कठेल, एस के शास्त्री,लालमणि पाण्डेय,जयराम चौधरी, डॉ आर सी सिंगरौल,शिवदयाल प्रजापति,आर बी बागरी,वरिष्ठ पत्रकार सुरेश दाहिया,गणेश मिश्रा एचपी वर्मा,संदीप कुशवाहा सहित विदाई बेला में उनके परिवार जन ,व शुभ चिंतक मौजूद रहे।

# हरदुआ विद्यालय में मनाया गया प्रवेश उत्सव

**नागौद ।** शा .उच्च . माध्य . वि .हरदुआ में नए शैक्षणिक सत्र 2026- 27 की शुरुआत के अवसर पर प्रवेश उत्सव और स्कूल चलें हम अभियान का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को सजाकर आने वाले बच्चों का तिलक




लगाकर और मुंह मीठा कराकर आत्मीय स्वागत किया गया।विद्यालय के प्राचार्य रमेश प्रसाद दहायत ने दीप प्रज्वलित कर सरस्वती वंदन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम का कुशल संचालन कृष्ण कुमार पाठक ने किया।इस अवसर पर कक्षा 1 से 12 तक के बच्चों को नि :शुल्क पाठय पुस्तकों का वितरण किया गया, साथ ही विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं ने अपने उद्गार व्यक्त किए जिसमें शासन की योजनाओं का जिक्र करते हुए सभी विद्यार्थियों को नियमित विद्यालय में उपस्थित रहने एवं विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों के साथ विद्याध्ययन करने हेतु प्रेरित किया।विद्यालय के प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अपना लक्ष्य निर्धारित कर अभी से कठिन परिश्रम करने हेतु विद्यार्थियों का आवाहन किया। इस अवसर पर विद्या .के शिक्षक/शिक्षिका गैवीलाल कोरी,संतोष कुमार प्रजापति,राजकुमार बागरी,मो. इस्ताक,धनीलाल वर्मा,अर्चना त्रिपाठी,रागिनी मिश्रा,फिरोजा खातून, पुष्पा बागरी,सरस्वती विश्वास,अमृता सिंह,संत कुमारी पाल एवं छात्र/छात्रा उपस्थित रहे।

# दिव्यांग जनों के लिए मैहर में होगा मुफ्त कैम्प का आयोजन

**रामनगर ।** दिव्यांगजनों के लिए एक विशेष नि :शुल्क शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 8 से 11 अप्रैल 2026 तक प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक सूचना पर्यटन केंद्र ( बस स्टैंड के पीछे) मैहर में आयोजित होगा। इस शिविर का आयोजन उत्थान सेवा फाउंडेशन द्वारा श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के सहयोग से किया जा रहा है। इस पहल में गणेश सिंह के प्रयासों की महत्वपूर्ण भूमिका बताई जा रही है। शिविर में दिव्यांगजनों की जांच कर उनकी जरूरत के अनुसार व्हीलचेयर, ट्राइसाइकिल, कृत्रिम हाथ-पांव, हियरिंग मशीन, कैलिपर और बैसाखी जैसे सहायक उपकरण नि :शुल्क वितरित किए जाएंगे। यह जानकारी देते हुए सांसद प्रतिनिधि कालिका प्रसाद पटेल ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य दिव्यांगजनों के जीवन को आसान और आत्मनिर्भर बनाना है।

# गौ अभ्यारण में भूमि पूजन के बाद गुलाब शुक्ला ने करवाया बोर

**नवभारत न्यूज**

**सतना 1 अप्रैल। अभय सीएनजी रिफिलिंग प्लांट के डायरेक्टर और महाराष्ट्र के प्रतिष्ठित उद्योगपति गुलाब शुक्ला इन दिनों अपने व्यापारिक साम्राज्य से कहीं अधिक अपने परोपकारी कार्यों और समाज हित के संकल्पों के कारण चर्चा का केंद्र बने हुए हैं उनका मानना है कि ईश्वर द्वारा प्रदान की गई लक्ष्मी का असली सदुपयोग समाज के वंचित वर्ग और बेजुबानों की सेवा में ही है।**

गौ-सेवा के संकल्प से बदला परिदृश्य आशुतोष द्विवेदी सेवा संस्थान के प्रकल्प के तहत



सरभंग मुनि आश्रम के समीप आशुतोष गौ अभयारण्य का भूमि पूजन हाल ही में गुलाब शुक्ला के कर-कमलों द्वारा संपन्न हुआ इस दौरान वह अपने परिवार के साथ इस कार्यक्रम में सम्मलित हुए केवल औपचारिकता तक सीमित न रहते हुए, उन्होंने मौके पर पानी की भीषण समस्या को देखते हुए तत्काल बोरिंग मशीन बुलाकर पानी का इंतजाम कराया इसके साथ ही उन्होंने गौ-शाला के लिए 21,000 रुपये की नकद सहायता प्रदान की और भविष्य में टीन शेड लगवाने का आश्वासन भी दिया ।

# हनुमान जन्मोत्सव पर जगह-जगह आयोजन

**नवभारत न्यूज**

**कोठी 1 अप्रैल। हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर कोठी नगर में जगह-जगह आयोजन किया जा रहे हैं मंदिर परिसर पर हनुमान जयंती के एक दिन पूर्व ही पूजा पाठ कर संगीतमय श्री रामचरितमानस पाठ का आयोजन कर वातावरण को भक्तिमय किया जा रहा है जिसमें नगर के लोग भी शामिल होकर उत्सव को भक्तिमय बना रहे हैं ।**

कोठी के झाली चौराहे पर स्थित प्राचीन दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर पर कोठी के वार्ड क्रमांक 2 के निवासी इंजीनियर आशीष तिवारी के तत्वावधान में संगीतमय श्री रामचरितमानस पाठ का आयोजन



किया जा रहा है जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं और 2 अप्रैल को मंदिर परिसर पर विशाल भंडारे प्रसाद का आयोजन किया जाएगा इसके साथ-साथ रनेही मोड पर स्थित प्राचीन बावली वाले हनुमान मंदिर पर समस्त लाल जी स्वामी भक्त परिवार की ओर से रामचरितमानस पाठ का आयोजन किया जा रहा है जिसमें काफी संख्या में लोग शामिल हो रहे हैं 2 अप्रैल गुरुवार को मंदिर परिसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा आयोजक मंडल ने सभी से प्रसाद लेने का विनम्र आग्रह किया है इसके साथ-साथ कोठी के बस स्टैंड स्थित हनुमान मंदिर पर भी हनुमान जयंती को लेकर विशेष रूप से तैयारी की जा रही है और नगर को भक्तिमय बनाया जा रहा है।


**OFFICE OF THE MUNICIPAL CORPORATION SATNA, DIST-SATNA (MP)**

Notice Inviting e-Tenders

Nit No. 08/Workshop/e-tendering/2025-26 Satna, Dated 24.03.2026

Online tender through e-tendering is invited by Satna municipal corporation (SMC), Satna, (MP) for the works of given in the table below.

| S No | NIT No&Date | Tender No | Name of the work | Probable amount of contract | Earmest money Deposit (EMD) (In Rs | Cost of Bid document (In Rupees) | Time of completio n /supply |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 08/01 24.03.2026 | 2026_ UAD _492449_1 | supplyof 01 number backhoe loader vehicle with breaker machine complete | 56,91,760/- | 57,000/- | 10,000/- | 45 Days |
| 02 | 08/02 24.03.2026 | 2026_ UAD _493658_1 | supply of departmental fire vehicle parts and job works | 30,00,000/- | 50,000/- | 5,000/- | Financial year 2026-27 |

1. Interested bidder can view the nit on website http://www.mptenders.gov.in , 2. The Bid document can be purchased only online 15:30 of 25.03.2026 to 17:30 of 25.04.2026, 3.Amendment to NIT, if any, would be published on website only, and not in Newspaper.

। स्वच्छ सतना- लक्ष्य अपना।

HOD (Workshop)
municipal corporation
satna (m.p)


# गेहूं खरीदी में भाजपा सरकार की लेटलतीफी , एमएसपी पर खरीद टली बाजार में लुट रहा अन्नदाता : रामशंकर पयासी

**नवभारत न्यूज**



**सतना 1 अप्रैल। मध्य प्रदेश में गेहूं खरीदी को लेकर एक बार फिर सरकार की नियत और नीति पर सवाल खड़े हो गए हैं द्य अप्रैल से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी शुरू करने का ऐलान करने वाली भाजपा सरकार अब पीछे हटती नजर आ रही है ।**

ताजा फैसले के अनुसार खरीदी की तारीख को बढ़ाकर कुछ संभाग में 10 अप्रैल और कुछ संभाग में 15 अप्रैल कर दिया गया है, जिससे प्रदेश के किसानों में भरी आक्रोश है । रामपुर बघेलान के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी रामशंकर पयासी ने इस मुद्दे पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि सरकार की यह लेटलतीफी सीधे तौर पर किसानों के साथ अन्याय है । गेहूं की फसल पूरी तरह तैयार होकर किसानों के घर पहुंच चुकी है , लेकिन खरीदी शुरू न होने से किसान खुले बाजार में औने - पौने दामों पर अपनी उपज बेचने को मजबूर हैं । उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि भाजपा सरकार के लिए किसान नहीं, बल्कि बहाने प्राथमिकता बन गए हैं। कभी बारदाने की कमी तो कभी व्यवस्थाओं का रोना रो कर खरीदी डाल दी जाती है >,

# छात्रों को नदियों की स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

**चित्रकूट 1 अपैल ।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग के मार्गदर्शन एवं प्रभागीय वनाधिकारी प्रत्यूष कुमार कटियार की पहल के क्रम में गंगा स्वच्छता पखवाड़ा के अर्न्तगत सामान्य प्रतियोगिता, कस्तूरबा गॉधी आवासीय बालिका विद्यालय, चकौंध, कर्वी में आयोजित कर पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती रचना ने बच्चों को सम्बोन्धित करते हुये कहा कि जिला गंगा समिति द्वारा ऐसे कार्यक्रम इस लिये किये जाते कि आप लोग नदियों के संरक्षण के प्रति जागरूक हो तथा नदियों को प्रदूषित होने से बचायें।